Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to enquire the alleged scams pertaining to electricity and water bills in Delhi.

श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (पश्चिमी दिल्ली): महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर आपका और सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं । यह ... * से जुड़ा हुआ मुद्दा है और यह बहुत बड़ा घोटाला भी है । दिल्ली में जो सरकार सात वर्षों से सत्ता में है, वह दिल्ली में गरीबों, वंचितों से एक वायदा करके आई थी कि हम आपको मुफ्त में बिजली और पानी देंगे । मगर आज दिल्ली में इसके बिल्कुल ही विपरीत हो रहा है । आज लोगों के घरों में छः महीने तक बिजली और पानी का बिल फ्री दिया जाता है, उसको जीरो कर दिया जाता है और पूरे सात महीने का इकट्ठा बिल दे दिया जाता है । मेरे कार्यालय में हजारों बिल्स शिकायत के रूप में आए थे, मैं सारे बिल्स नहीं ला सकता था । मैं कुछ बिल की कॉपियां लेकर आया हूं और मैं दिल्ली के सारे लोगों और पूरे सदन को यह दिखाना चाहता हूं कि एक-एक झुग्गी-झोपड़ी में, जे.जे. क्लस्टर में दिल्ली जल बोर्ड का 42 हजार रुपये का बिल एक घर में आता है । यह कोई गलती से नहीं आया है । उसके घर में पानी का कनैक्शन काट दिया गया है ।

ऐसे ही ख्याला जेजे बस्ती में 31 हजार रुपये का बिल आया है । ये पानी के बिल हैं, जो पानी फ्री देने का वायदा था । और ये बिजली के बिल हैं, एक घर में छह लाख रुपये का बिल आया है और यह 22 गज़ का मकान है । एक घर में, जो छावला में झुग्गी है, वहां पर 4 लाख 33 हज़ार रुपये का बिल आया है । एक 33 गज़ का मकान है, उसका 1 लाख 93 हज़ार रुपये का बिल आया है । ये सारे बिल एक-एक गरीब आदमी के घरों में आए हैं । जब चुनाव आता है तो दिल्ली का मुख्य मंत्री उनके घरों में ज़ीरो का बिल भेजता है । चुनाव खत्म होते ही, इन बिलों को बढ़ा कर, पिछले सारे महीनों का पैसा जोड़ दिया जाता है । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि आज दिल्ली में, देश में सबसे मंहगी बिजली है । आज घर में 8 रुपये 90 पैसे पर यूनिट की बिजली

मिलती है और जो कमर्शियल एरियाज़ हैं, उनमें 18 रुपये 90 पैसे पर यूनिट की बिजली मिलती है । दिल्ली के किसानों को खेती का कनेक्शन ही नहीं मिलता है । आज जो फिक्स्ड चार्जेस हैं, वे भी देश में सबसे ज्यादा हैं । घर में 173 रुपये और जो कमर्शियल यूनिट्स हैं, उनमें 270 रुपये है । आपसे मेरा यह निवेदन है कि इसकी जांच होनी चाहिए कि सरकार बोलती है कि ज़ीरो बिल दे रहे हैं और मुख्य मंत्री पंजाब में एक लाख बिल की कॉपीज़ ले जा कर दिखाता है । मैं सदन में एक लाख बिल ले कर आ सकता था । वे वहां पर जा कर कहते हैं कि ज़ीरो बिल आता है । मतलब सरकार तो ज़ीरो दिखा रही है अपने आंकड़ों में और लोगों के घरों में लाखों का बिल जा रहा है तो यह कितना बड़ा घोटाला है? ये सारे पैसे कहां पर ट्रंसफर हो रहे हैं? कितने झूठे विज्ञापनों पर लग रहे हैं, यह सरकार को दिल्ली के मुख्य मंत्री से पूछना चाहिए । बच्चों की पढ़ाई के समय बिजली काट दी जाती है । ऑनलाइन एजुकेशन के समय, ऐसे पेंडेमिक में, जब लोगों के घरों में पानी और बिजली की दोहरी मार पड़ रही है, तो वे उधार ले-ले कर अपना कनेक्शन जोड़ते हैं । ऐसे समय में दिल्ली का मुख्य मंत्री लोगों के साथ फरेब कर रहा है, धोखा कर रहा है और इतना बड़ा घोटाला कर रहा है । मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि इसकी जांच होनी चाहिए । … (व्यवधान)